विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर-

3(क)	क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बताएंगे कि एस0जी0पी0जी0आई0 कर्मचारी महासंघ का पत्र दिनांक 25/11/2024 आर0एस0डी0 नं0 432794 जो निदेशक एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ को संबोधित है तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा उ0प्र0 शासन व अन्य को पृष्ठाँकित है, प्राप्त हुआ है?	जी हॉ।
(ख)	यदि हाँ, तो उक्त पत्र किस विषय से संबंधित है तथा उसमे क्या लिखित है?	संजय गॉधी पी0जी0आई0 कर्मचारी महासंघ द्वारा निदेशक को प्रेषित किए गये पत्र दिनांक 25.11.2024 में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासनादेश दिनांक 17-10-2018 को संशोधित करते हुए एम्स, नई दिल्ली की भॉति संस्थान के टेक्नीशियन संवर्ग को पुनरीक्षित वेतनमान दिनांक 17.07.2015 से दिये जाने का अनुरोध किया गया है।
(ग)	उक्त पत्र पर निदेशक द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?	निदेशक, संजय गॉधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा इस संबंध में शासन को अभी तक कोई प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया गया है।
(घ)	यदि नहीं, तो क्यों?	उपर्युक्तानुसार।

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री।